प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
22.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

प्रधानमंत्री ऑनलाइन गेमिंग विधेयक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि संसद द्वारा पारित ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन व विनियमन विधेयक– 2025 भारत को गेमिंग, नवाचार और रचनात्मक सृजनशीलता का केंद्र बनाने की उनकी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह विधेयक समाज को ऑनलाइन मनी गेम्स के दुष्प्रभावों से भी बचाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ई–स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को बढ़ावा देगी।

परमार भारत रत्न

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र में कल हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार को भारत रत्न दिए जाने के संबंध में संकल्प सर्वसम्मति से पारित हो गया। इस संबंध में नाहन से विधायक अजय सोलंकी ने सदन में संकल्प चर्चा के लिए लाया गया जिसे सत्तापक्ष और विपक्ष ने एक मत से समर्थन किया। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया की अब हिमाचल प्रदेश विधानसभा से यह संकल्प केंद्र सरकार को भेजा जाएगा।

विधानसभा

प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र का आज पांचवा दिन है। सत्र की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी। प्रश्नकाल के अलावा आज अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, कृषि मंत्री चंद्र कुमार, नगर व ग्राम योजना मंत्री राजेश धर्माणी विभिन्न दस्तावेजों की एक–एक प्रति सभा पटल पर रखेंगे। नियम–62 के तहत विधानसभा सदस्य मलेंद्र राजन और राकेश जम्वाल अपने–अपने विषयों पर उत्पन्न स्थिति के बारे में सदन का ध्यान आकर्षित करेंगे।

रजनी पाटिल दौरा

कांग्रेस में संगठन के गठन और मजबूती को लेकर कवायद तेज हो गयी है। पार्टी की प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल तीन दिवसीय दौरे पर शिमला पहुंच चुकी हैं। पाटिल आज कांग्रेस विधायक दल की बैठक लेंगी जिसके पश्चात उनका कांग्रेस मुख्यालय शिमला में अग्रणी संगठनों के नेताओं से भी मुलाकात का कार्यक्रम है। प्रतिभा पाटिल कल पार्टी मुख्यालय में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से अलग–अलग मुलाकात कर विचार–विमर्श करेंगी।

राजीव भारद्वाज

केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस मॉनसून सीजन में भारी बारिश के कारण पठानकोट–जोगिन्दर नगर रेलवे लाईन पर क्षतिग्रस्त चक्की पुल की मुरम्मत का कार्य अग्रिम स्टेज में

है। कल लोकसभा में सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज के सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी देते हुए बताया कि इस ट्रैक पर जल्द ही यातायात बहाल कर दिया जाएगा।

फोरलेन टोल शुल्क

बिलासपुर जिला में राष्ट्रिय राजमार्ग में विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन और पत्थर गिरने की स्थिति के कारण यातायात असुरक्षित हो गया है, जिसके चलते वाहनों व यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत जिला प्रशाशन ने गरामोड़ा और बलोह टोल प्लाजा में टोल शुल्क वसूली को रोक दिया है। उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को सड़क पर इन समस्याओ पर जल्द कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। उपयुक्त ने बताया की फोरलेन सड़क पर वाहनों व यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत यह निर्णय लिया गया है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.........

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला के शब्द हैं–वन भूमि पर अतिक्रमण के लिए जिम्मेदार अफसरों पर होगी कार्रवाई–हिमाचल हाईकोर्ट ने दिए आदेश। पंजाब केसरी– हिमाचल दस्तक और हिमाचल जागरण के एक जैसे शब्द हैं– कठिन वित्तीय हालात के बीच 1500 करोड़ का कर्ज लेगी हिमाचल सरकार। दैनिक भास्कर लिखता है– इस मानसून में 2 हजार 2 सौ 82 करोड़ का नुकसान 2 सौ 87 लोगों की गई जान, अभी 40 दिन शेष।

मौसम की खबर को आपका फैसला ने शीर्षक दिया है –हिमाचल में 4 दिन भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट, भूस्खलन से 3 सौ 46 सड़कें अवरूद्ध

––––––––––––––––